# कार्यालय –जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0–सीतापुर।

पत्रांक C-305 / जि0का0अधि0 / पो0 एवं स्वा0 / 2022–23, दिनॉक– 11 मई 2022

समस्त

बाल विकास परियोजना अधिकारी / प्रभारी

जनपद– सीतापुर।

निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र सं0–सी–116 / बा0वि0परि0 / पो0 एवं स्वा0 / 2022–23 दिनॉक– 09.मई 2022 में दिये गये निर्देश के कम में NO WATHER, ONLY BREAST FEEDING CAMPAIGN (पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान ) दिनॉक–10 मई 2022 से 30 जून 2022 तक आयोजित किया जाना है। पोषण एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी संकेतकों में सुधार हेतु विभिन्न विभागों के समन्वय से विविध गतिविधियॉ संचालित की जा रही हैं जिसमें एक आवश्यक संकेतक–''6 माह तक के शिशुओं में केवल स्तनपान सुनिश्चित करना'' है। मॉ का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है तथा शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक है कि जन्म के एक घंटे के अन्दर शिशु का स्तनपान प्रारम्भ करा दिया जायें व छः माह की आयु तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराया जायें।

शिशु की 6 माह की आयु तक ''केवल स्तनपान'' उसके जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है, परन्तु समाज में प्रचलित विभिन्न मान्यताओं व मिथकों के कारण 6 माह तक ''केवल स्तनपान'' सुनिश्चित नहीं हो पाता, बल्कि परिवार के सदस्यों द्वारा शिशु को घुटटी, शहद, चीनी को घोल, पानी आदि का सेवन करा दिया जाता है, जिसके कारण शिशुओं में कई प्रकार के संक्रमण हो जाते हैं , जोकि शिशु के स्वस्थ्य जीवन के लिए घातक सिद्व होता हैं। शिशु के प्यासा रहने की आशंका में उसे पानी देने का प्रचलन गर्मियों में बढ़ जाता है। मॉ के दूध में अन्य पौष्टिक तत्वों के साथ–साथ पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है और शिशु की पानी की आवश्यकता केवल स्तनपान से पूरी हो जाती है। अतः शिशु को छः माह तक, ऊपर से पानी देने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं होती है। ऊपर से पानी देने से शिशुओं में संक्रमण होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

उक्त अभियान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं खाद्य एवं रसद विभाग के समन्वय से आयोजित किया जायेगा। अभियान के दौरान कंवर्जेन्स विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने ग्राम भ्रमण के दौरान, विभिन्न विभागों द्वारा अभियान के प्रचार–प्रसार हेतु किए गए कार्यो की समीक्षा की जायेगी। जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी / जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों /प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। विकास खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन उपजिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में किया जायेगा। बैठकों में प्राप्त फीडबैक के आधार पर अभियान के कियान्वयन को सुदृढ़ किया जायेगा। अभियान से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश पत्र के साथ संलग्न हैं।

11/05/22

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
सीतापुर

पृष्ठांकन सं0 तददिनॉक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।

2– जिलाधिकारी, महोदय सीतापुर।

3– मुख्य विकास अधिकारी, महोदय सीतापुर।

4– स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग।

5– ग्राम्य विकास विभाग।

6– जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।

7– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सीतापुर।

8– खाद्य एवं रसद विभाग सीतापुर।

9– कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
सीतापुर।

अभियान सम्बन्धी साप्ताहिक कार्ययोजना–

| सप्ताह | गतिविधियाँ |
|---|---|
| मई 2022 – द्वितीय सप्ताह | • अभियान का औपचारिक उद्घाटन<br>• प्रमुख समाचार पत्रों में अभियान के संबंध में विज्ञापन<br>• शिशुओं के डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के विज्ञापन एवं उपलब्धता पर प्रतिबंध एवं Infant Milk SubstitutesFeeding Bottles and Infant Foods (Regulation of Production, Supply and Distribution)Amendment Act2003 का प्रचार–प्रसार<br>• कंवर्जेंस विभागों की बैठक का आयोजन<br>• जनपद, विकास खंड व ग्राम स्तरीय रैली का आयोजन<br>• कंवर्जेंस विभागों के ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं का अभियान पर अभिमुखीकरण<br>• दूरदर्शन व रेडियो के माध्यम से प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञों, विषय विशेषज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के विषय पर वार्तालाप का प्रसारण<br>• विद्यालयों मे अध्यापकों द्वारा अभियान के संदेशों का प्रचार प्रसार<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश |
| मई 2022– तृतीय सप्ताह | • उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास खंड स्तरीय अभियान की पाक्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन<br>• समस्त ग्राम स्तरीय कार्यकर्ताओं द्वारा धात्री महिलाओं के घर पर संयुक्त भ्रमण एवं लाभार्थी और उसके परिवार को केवल स्तनपान पर परामर्श<br>• अभियान के संदेशों को समस्त विभागों द्वारा अपने जनपद, विकास खंड तथा उप–विकास खंड स्तरीय विभागीय वाट्सएप (Whatsapp) पर प्रसारित करना<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश |
| मई 2022– चतुर्थ सप्ताह | • पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम विकास अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्राम स्तरीय सामुदायिक बैठकों का आयोजन<br>• गृह भ्रमण, रैली व दीवार लेखन<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश |

| | |
|---|---|
| जून 2022–प्रथम सप्ताह | • जनपद स्तर पर अभियान की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन<br>• सामुदायिक बैठक, गृह भ्रमण, दीवार लेखन/ प्रभावशाली व्यक्तियों यथा प्रधान, अध्यापक, प्राइवेट डॉक्टर आदि का सहयोग लेना<br>• स्वयं सहायता समूहों और ग्राम स्तरीय कर्मचारियों द्वारा अभियान के संदेशों के प्रचार प्रसार<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश |
| जून 2022–द्वितीय सप्ताह | • पंचायत प्रतिनिधियों, ग्राम विकास अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों, आशा एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा ग्राम स्तरीय सामुदायिक बैठकों का आयोजन<br>• दूरदर्शन व रेडियो के माध्यम से प्रमुख बाल रोग विशेषज्ञों, विषय विशेषज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के विषय पर वार्तालाप का प्रसारण<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश |

| | |
|---|---|
| जून 2022–तृतीय सप्ताह | • उपज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास खंड स्तरीय अभियान की पाक्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन<br>• विद्यालयों मे अध्यापकों द्वारा अभियान के संदेशों का प्रचार प्रसार<br>• आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों तथा आशा द्वारा ग्राम स्तरीय सामुदायिक बैठकों का आयोजन, स्वयं सहायता समूहों की बैठकों का आयोजन, गृह भ्रमण<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश |
| जून 2022–चतुर्थ सप्ताह | • आंगनवाड़ी कार्य कत्रियों तथा आशा द्वारा ग्राम स्तरीय सामुदायिक बैठकों का आयोजन, स्वयं सहायता समूहों की बैठकों का आयोजन, गृह भ्रमण<br>• वी0एच0एस0एन0डी0 (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस) सत्र पर ए0एन0एम0, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा द्वारा अभियान पर संदेश<br>• जनपद स्तर पर अभियान की समीक्षा बैठक का आयोजन |